भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3548

10 अगस्त, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: मंत्रालयों के बीच सहयोग

3548. श्री अर्जुन लाल मीणा:

श्री पी.पी. चौधरी:

श्रीमती अपराजिता सारंगी:

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाइक निम्बालकर:

श्री संगम लाल गुप्ता:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय, विभिन्न मंत्रालयों के बीच सहयोग के संबंध में क्रियाकलाप आरंभ करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) मंत्रालय द्वारा शुरू की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं और मिशनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय वन हेल्थ राष्ट्रीय संस्थान के कार्यों की निगरानी करेगा क्योंकि एक व्यापक वन हेल्थ पालिसी के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न मंत्रालयों से सहयोग की आवश्यकता होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 के अनुसार सहकारिता मंत्रालय सहकारिता के क्षेत्र में सामान्य नीति और सभी सेक्टरों में सहयोगकारी गतिविधियों के समन्वय का पर्यवेक्षण करेगा। तथापि, संबंधित मंत्रालय क्षेत्रों में सहकारी समितियों के लिए उत्तरदायी हैं।

(ख): सहकारी समितियों के लिए योजनाएं और कार्यक्रम, सेक्टर की आवश्यकता के अनुसार उभर कर आएंगे।

(ग): जी नहीं।

****